रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)—73

REGISTERED NO. D. (D N.)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 47] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 13, 1986/अग्रहायण 22, 1908
No. 47] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 13, 1986/AGRAHAYANA 22, 1908

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 4
PART II—Section 4

रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश
tatutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence

रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, 12 नवम्बर, 1986

का.नि.आ. 349.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और रक्षा मंत्रालय (वर्ग 3 पद) भर्ती नियम, 1969 को जहां तक वे भारतीय वायुसेना को लागू होते हैं, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने से लोप किया गया है, भारतीय वायुसेना, रक्षा मंत्रालय में, उच्च श्रेणी लिपिक और निम्न श्रेणी लिपिक/लिपिक हिन्दी टंकक के पदों पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ: (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम, भारतीय वायुसेना समूह "ग" (उच्च श्रेणी लिपिक) और निम्न श्रेणी लिपिक/लिपिक हिन्दी टंकक पद) भर्ती नियम, 1986 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान: उक्त पदों की संख्या उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अन्य अर्हताएं आदि: उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो, उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 14 में विनिर्दिष्ट हैं।

4. निरर्हताएं वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति: जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह, उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके उन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति: इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं
1	2	3	4	5	6	7
1. उच्च श्रेणी लिपिक	838*(1986) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "ग" राजपत्रित अननुसचिवीय	1200-30-1560-द.रो.-40-2040 रु.	75% अचयन द्वारा 25% चयन द्वारा	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
8	9	10
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा।
11	12
प्रोन्नति द्वारा	प्रोन्नति : (1) 75% कादर के ऐसे निम्न श्रेणी लिपिक/लिपिक हिन्दी टंककों की प्रोन्नति द्वारा, जिन्होंने उस श्रेणी में 8 वर्ष नियमित सेवा की है। (2) 25% कादर के ऐसे निम्न श्रेणी लिपिकों की सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से, जिन्होंने उस श्रेणी में 5 वर्ष नियमित सेवा की है, परन्तु यह तब जबकि उन्होंने 45 वर्ष की आयु पार न की हो।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने के लिए किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
13	14
समूह "ग" विभागीय प्रोन्नति समिति जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :— (1) संयुक्त निदेशक कार्मिक (सिविलियन)—अध्यक्ष (2) सहायक निदेशक कार्मिक (सिविलियन)—सदस्य (3) कोई समूह "क" सिविलियन राजपत्रित अधिकारी/कमीशन प्राप्त अफसर जो संबद्ध स्थापन से संबंधित न हो —सदस्य	लागू नहीं होता

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा प्रचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं
1	2	3	4	5	6	7
2. निम्न श्रेणी लिपिक/लिपिक हिन्दी टंकक	1073*(1986) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ग' अराजपत्रित अनुसचिवीय	950-20 1150-द.रो.-25-1500रु.	अचयन	18 और 25 वर्ष के बीच (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों/आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए 35 वर्ष तक शिथिल की जा सकती है)। टिप्पणी : 1. आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख, भारत में अभ्यर्थियों से (उनसे भिन्न जो अंदमान और निकोबार द्वीप तथा लक्षद्वीप में हैं) आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी। टिप्पणी : 2. ऐसे पदों की बाबत, जिन पर भर्ती रोजगार कार्यालय के माध्यम से की जाती है, आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालय से नाम भेजने के लिए कहा गया है।	नहीं

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
8	9	10
(1) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड की मैट्रिकुलेशन या समतुल्य परीक्षा। (2) अंग्रेजी टाइप लेखन में 30 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी टाइप लेखन में 25 शब्द प्रति मिनट से अन्यून की गति, परन्तु यह कि : (क) ऐसे किसी व्यक्ति को जिसके पास टाइप लेखन में उक्त अर्हता नहीं है, उसे इस शर्त के अधीन नियुक्त किया जा सकेगा कि वह वेतनमान में वेतन वृद्धि पाने के लिए या उस श्रेणी मे स्थायीवत होने के लिए या पुष्टि के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि वह अंग्रेजी या हिन्दी टाइप लेखन में विहित गति अर्जित नहीं कर लेता। (ख) यह कि ऐसे किसी शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति को जो लिपिकीय पद धारण करने के लिए अन्यथा सुअर्हित है, किंतु जिसके पास टाइप लेखन में उक्त अर्हता नहीं है, इस शर्त के अधीन नियुक्त किया जा सकेगा कि कोई सिविल सर्जन या समतुल्य यह प्रमाणित कर दें कि उक्त विकलांग व्यक्ति टाइप करने के लिए समर्थ नहीं है।	आयु—नहीं शैक्षिक अर्हताएं—हां	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों और प्रोन्नतों के लिए दो वर्ष। स्थानांतरितियों के लिए कोई परिवीक्षा अवधि नहीं।

भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में [illegible] श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाए :
11	12
90 प्रतिशत स्थानान्तरण द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा । 10% समूह "घ" कर्मचारियों की प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा ।	स्थानान्तरण : ऐसे व्यक्ति जो रक्षा सेवाओं की निम्नतर संरचनाओं में समरूप समतुल्य या उच्चतर श्रेणियों में कार्य कर रहे हैं और जिनके पास स्तम्भ 8 में सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएं हैं । प्रोन्नति : यूनिट/स्थापन के ऐसे समूह "घ" कर्मचारियों में से जिन्होंने उस श्रेणी में पांच वर्ष नियमित सेवा की है ।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना ।	भर्ती करने के लिए किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा ।
13	14
समूह "ग" विभागीय प्रोन्नति समिति जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी : (1) नियुक्ति प्राधिकारी (संयुक्त निदेशक कार्मिक सिविलियन)—अध्यक्ष (2) सिविलियन स्टाफ आफिसर सहायक निदेशक कार्मिक सिविलियन/कार्मिक सिविलियन (विभागीय प्रोन्नति समिति)—सदस्य, (3) ऐसा समूह "क" सिविलियन राजपत्रित अधिकारी/कमीशन प्राप्त अधिकारी जो विभाग से असंबद्ध है—सदस्य	लागू नहीं होता

[फा.सं. वायु. मु./23049/288/पीसी-3 (ए)]
एम. सी. जुनेजा, अवर सचिव

MINISTRY OF DEFENCE

New Delhi, the 12th November, 1986

S.R.O. 349.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Ministry of Defence (Class III posts) Recruitment Rules, 1969, in so far as they apply to the Indian Air Force, except as respects things done or omitted to be done before such supersession the President hereby makes the following rules to regulate the method of recruitment to the posts of Upper Division Clerk and Lower Division Clerk/Clerk Hindi Typist in the Indian Air Force, in the Ministry of Defence, namely:—

1. Short title and commencement :—(1) These rules may be called the Indian Air Force Group 'C' (Upper Division Clerk) and Lower Division Clerk/Clerk Hindi Typists Posts) Recruitment Rules, 1986.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, classification and scale of pay.—The number of said posts, their classification and the scale of pay attached thereto, shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit and other qualifications, etc.—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said posts, shall be as specified in columns 5 to 14 of the said schedule.

4. Disqualification.—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said posts:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of opinion that if it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provision of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-Servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of the post	Number of posts	Classification	Scale of pay	Whether selection post or Non-Selection post	Age limit for direct recruitment	Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of Central Civil Services (Pension) Rules, 1972	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7	8.
1. Upper Division Clerk	838* (1986)	General Central Service Group 'C' non-gazetted, Ministerial	Rs. 1200-30-1560-EB-40-2040.	75% by non-selection, 25% by selection	Not applicable	Not applicable	Not applicable.
2. Lower Division Clerk/ Clerk Hindi Typist.	1073* (1986) *Subject to variation dependent on work-load.	General Central Service Group 'C' Non-gazetted, Ministerial	Rs. 950-20-1150-EB-25-1500.	Non-selection	Between 18 and 25 years (relaxable for Govt. servants upto 35 years of age in accordance with orders/instructions issued by the Central Government). Note 1 : The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (other than those in Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep). Note 2 : In respect of post the recruitment to which is made through Employment Exchanges the crucial date for determining the age limit shall, in each case, be the last date upto which the Employment Exchanges are asked to sponsor names.	No.	(i) Matriculation or equivalent examination of recognised University/ Board. (ii) Speed of not less than 30 words per minute in type writing in English or 25 words per minute in typewriting in Hindi, provided : (a) that a person not possessing the said qualifications in typewriting may be appointed subject to the condition that he will not be eligible for drawing increment in the pay scale or for quasi-permanency or for confirmation in the grade till he acquires the prescribed speed in typewriting either in English or in Hindi; and (b) that a physically handicapped person who is otherwise qualified to hold a clerical post but does not possess the said qualification in typewriting may be appointed subject to the condition that a Civil Surgeon or equivalent certifies that the said handicapped person is not in a fit condition to be able to type.

*Subject to variation dependent on work-load.

Whether age and qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by transfer or by deputation and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion or deputation or transfer grades from which promotion or deputation or transfer to be made	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
9	10	11	12	13	14
Not applicable	Not applicable	By promotion	Promotion : (i) 75% by promotion of Lower Division Clerks/ Clerk Hindi Typists of the Cadre with 8 years regular service in the grade. (ii) 25% through limited Departmental competitive examination of such Lower Division Clerks of the cadre as have rendered 5 years regular service in the grade provided they have not crossed the age of 45 years.	Group 'C' Departmental Promotion Committee consisting of : (i) Joint Director Personnel (Civilian) —Chairman (ii) Assistant Director Personnel (Civilian) —Member (iii) A group 'A' Civilian Gazetted Officer/ Comissioned Officer unconnected with establishment concerned—Member	Not applicable.
Age—No Educational qualification —Yes	Two years for direct recruits and promotees. No probation period for transferees	90% by transfer failing which by direct recruitment. 10% by Promotion of Group 'D' employees failing which by direct recruitment.	Transfer: Persons working in similar, equivalent or higher grades in the lower formations of the Defence Services and possessing educational qualifications as prescribed for direct recruitments in Column 8. Promotion : Group 'D' employees of the Unit/Establishment who have rendered five year's regular service in the grade.	Group 'C' Departmental promotion Committee consisting of :— (i) Appointing Authority (Joint Director Personnel Civilian) —Chairman (ii) Civilian Staff Officer Assistant Director Personnel Civilian/ Personnel Civilian (Departmental Promomotion Committee) —Member (iii) Group 'A' Civilian Gazetted Officer/Commissioned Officer unconnected with the Department —Member	Not applicable.

[F. No. Air HQ/23049/288/PC 3A]
M.C. JUNEJA, Under Secy.

(विमान प्रभाग)

नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 1986

का. नि. आ. 350—लोक परिसर (अनधिकृत अधिभोगताओं की बेदखली) अधिनियम 1971 एवं संशोधन अधिनियम 1984 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित सारणी के स्तम्भ (2) में वर्णित अधिकारियों को सरकारी राजपत्रित अधिकारी होने के कारण, उक्त अधिनियम के उद्देश्य के लिए, सम्पदा अधिकारियों के रूप में एतद्द्वारा नियुक्त करती है तथा उक्त अधिकारी प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करेंगे एवं उक्त अधिनियम के द्वारा अथवा उसके अधीन सम्पदा अधिकारियों को प्रदत्त कर्तव्यों को देय शक्तियों का उक्त सारणी के स्तम्भ (3) में समरूपी प्रविष्टि में निर्धारित लोक परिसर की श्रेणियों के विषय में अपने क्षेत्राधिकार की सीमा के अन्दर, निष्पादन करेंगे ।

सारणी

क्रम सं.	अधिकारी का पद	लोक परिसर की श्रेणी तथा क्षेत्राधिकार की स्थानीय सीमाएं
(1)	(2)	(3)
1.	रक्षा लेखा नियंत्रक, पश्चिमी कमान चंडीगढ़	उनके नियंत्रण में रक्षा लेखा विभाग के आवास के बारे में
2.	रक्षा लेखा नियंत्रक, मध्य कमान मेरठ	
3.	रक्षा लेखा नियंत्रक, दक्षिणी कमान पुणे	
4.	रक्षा लेखा नियंत्रक, बंगलौर	
5.	प्रभारी रक्षा लेखा संयुक्त नियंत्रक वेतन लेखा कार्यालय (अन्य रैंक) तोपखाना नासिक	
6.	प्रभारी रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक, क्षेत्रीय लेखा कार्यालय, नौ सेना विशाखापत्तनम	
7.	प्रभारी रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक, वेतन लेखा कार्यालय (अन्य रैंक) आर्मर्ड कोर रेजिमेंट अहमदनगर	
8.	प्रभारी रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक सिगनल्स कोर, जबलपुर	

(Finance Division)

New Delhi, the 21st November, 1986

S.R.O. 350.—In exercise of the powers conferred by the Section 3 of the Public Premises (Eviction of unauthorised occupants) Act 1971 and amendment Act 1984, the Central Government hereby appoints the Officers mentioned in column (2) of the table below being gazetted officers of Government, to be Estate Officers for the purpose of the said Act and the said Officers shall exercise the powers conferred, and perform the duties imposed on Estate Officers by or under the said Act, within the limits of their jurisdiction in respect of the categories of Public Premises specified in the corresponding entry in column (3) of the said table.

TABLE

Sl. No.	Designation of Officer	Categories of the Public Premises and local limits of jurisdiction.
(1)	(2)	(3)
1.	CDA WC, Chandigarh	In respect of D.A.D. accommodation under their control.
2.	CDA CC, Meerut.	
3.	CDA SC, Poona	
4.	CDA Bangalore	
5.	Jt. C.D.A. I/c PAO (ORs) Arty, Nasik.	
6.	ACDA i/c AAO Navy, Visakhapatnam.	
7.	ACDA i/c PAO (ORs) ACR, Ahmedanagar.	
8.	Jt. CDA I/c Corps of Signals, Jabalpur.	

का.नि.आ. 351.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों को उनके लिए सिविल प्राक्कलनों में से निर्मित निवास स्थानों की बाबत निवास-स्थान आवंटन को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. संक्षिप्त नाम, लागू होना और प्रारम्भ:—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सरकारी निवास स्थान आवंटन (रक्षा लेखा विभाग पूल) नियम, 1986 है।

(2) ये रक्षा लेखा विभाग के ऐसे सभी अधिकारियों को लागू होंगे जो ऐसे कार्यालय/स्टेशन में सेवा कर रहे हैं जहां रक्षा लेखा विभाग के सिविल प्राक्कलनों में से आवास-सुविधा निर्मित की है।

(3) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं:—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "आवंटन" से इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार निवास स्थान के अधिभोग के लिए अनुज्ञप्ति देना अभिप्रेत है,

(ख) "आवंटन वर्ष" से प्रथम जनवरी को आरम्भ होने वाला वर्ष या ऐसी अन्य अवधि अभिप्रेत है जो (आवंटन प्राधिकारी) राष्ट्रपति द्वारा अधिसूचित की जाए,

(ग) "आवंटन अधिकारी" से रक्षा लेखा महानियंत्रक द्वारा किसी स्टेशन पर सरकारी निवास स्थान आवंटित करने के लिए समनुदेशित किया गया विनिर्दिष्ट प्राधिकारी अभिप्रेत है।

(घ) "पात्र कार्यालय" से रक्षा लेखा विभाग का वह कार्यालय या किसी स्टेशन का कोई ऐसा अन्य कार्यालय अभिप्रेत है, जिसके कर्मचारीवृन्द को, रक्षा लेखा महानियंत्रक द्वारा समय समय पर इन नियमों के अधीन आवास सुविधा के लिए पात्र घोषित किया गया है,

(ङ) "उपलब्धियों" से मूल नियम 45-ग में यथापरिभाषित उपलब्धि अभिप्रेत है, किन्तु इसके अंतर्गत प्रतिकरात्मक भत्ते नहीं हैं।

स्पष्टीकरण—किसी निलम्बित अधिकारी के मामले में, उस आवंटन वर्ष के, जिसमें वह निलंबित किया गया है प्रथम दिन प्राप्त उपलब्धियों को, यदि वह आवंटन वर्ष के प्रथम दिन ही निलम्बित किया गया है तो उसके द्वारा उस तारीख के ठीक पहले प्राप्त उपलब्धियों को समझा जाएगा।

(च) "कुटुम्ब" से अभिप्रेत है यथास्थिति पत्नी या पति और संतान, सौतेली संतान, वैध रूप से दत्तक ली गई संतान, माता पिता, भाई या बहन या सामान्यतया अधिकारी के साथ निवास करते हैं, और उस पर आश्रित हैं।

(छ) "सरकार" से केन्द्रीय सरकार अभिप्रेत है, जब तक कि प्रकरण अन्यथा अपेक्षा न रखता हो।

(ज) अधिकारी नियम 5 के उपबन्धों के अधीन जिस टाइप के निवास स्थान का पात्र है उसके संबन्ध में अधिकारी की "पूर्विकता तारीख" से वह पूर्वतन तारीख अभिप्रेत है, जब से वह, छुट्टी की अवधि के सिवाय निरन्तर उतनी उपलब्धियां केन्द्रीय सरकार या अन्यत्र सेवा के अधीन पद पर प्राप्त करता रहा है, जो उसे किसी विनिर्दिष्ट टाइप या किसी उच्चतर टाइप के आवंटन के लिए सुसंगत है,

परन्तु टाइप "ख", "ग" या टाइप "घ" के निवास स्थानों के संबन्ध में, यह तारीख जब से अधिकारी केन्द्रीय सरकार के अधीन सेवा में, जिसके अन्तर्गत अन्यत्र सेवा की अवधि भी है, निरन्तर रहा है, उसको उस टाइप के लिए पूर्विकता तारीख होगी:

परन्तु यह और कि जहां दो या दो से अधिक अधिकारियों की पूर्विकता तारीख एक ही हो वहां उनके बीच ज्येष्ठता उपलब्धियों की रकम से अवधारित की जाएगी। अधिक उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारी को कम उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारी से अग्रता दी जाएगी और जहां उपलब्धियां समान हैं वहां ज्येष्ठता सेवाकाल के अनुसार अवधारित की जाएगी, किन्तु जहां सेवा ग्रहण करने की तारीख एक ही है वहां ज्येष्ठता उनकी आयु या जन्म की तारीख के आधार पर अवधारित की जाएगी।

(झ) "अनुज्ञप्ति फीस" से इन नियमों के अधीन आवंटित निवास स्थान के संबन्ध में मूल नियमों के उपबन्धों के अनुसार मासिक रूप से संदेय धनराशि अभिप्रेत है,

(ञ) "निवास स्थान" से कोई ऐसा निवास स्थान अभिप्रेत है, जो उस समय आबंटन प्राधिकारी के नियंत्रण में है,

(ट) "शिकमी देने" के अन्तर्गत अन्य व्यक्ति के साथ, उस व्यक्ति द्वारा अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करके या उसके बिना, आवास सुविधा का सहभोग करना है ;

स्पष्टीकरण : किसी आबंटिती द्वारा अपने निकट संबन्धियों के साथ आवास सुविधा का सहभोग शिकमी देना, नहीं समझा जाएगा ;

(ठ) "अस्थायी स्थानान्तरण" से ऐसा स्थानान्तरण अभिप्रेत है, जिसमें अनुपस्थिति की अवधि चार मास से अनधिक हो :

(ड) "स्थानान्तरण" से किसी एक स्टेशन से अन्य स्टेशन को या किसी पात्र कार्यालय से उसी स्टेशन में किसी अपात्र कार्यालय को स्थानान्तरण अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत भारत सरकार के किसी अन्य विभाग के अधीन सेवा को स्थानान्तरण या प्रतिवर्तन और स्टेशन में किसी अपात्र कार्यालय में किसी पद पर प्रतिनियुक्ति भी है ।

(ढ) किसी अधिकारी के संबन्ध में "टाइप" से निवास स्थान का वह टाइप अभिप्रेत है, जिसका वह नियम 5 के अधीन पात्र है ।

3. जिन अधिकारियों के अपने मकान होंगे वे इन नियमों के अधीन आबंटन के जारी अपात्र होंगे : (1) इन नियम में—

(क) "लगी हुई नगर पालिका" से ऐसी नगरपालिका अभिप्रेत है जो किसी स्थानीय नगरपालिका से लगी हुई है ।

(ख) किसी अधिकारी या उसके कुटुम्ब के किसी सदस्य के संबंध में "मकान" से ऐसा भवन या उसका भाग अभिप्रेत है जिसका उपयोग निवास के प्रयोजन के लिए किया जा रहा हो और जो स्थानीय नगरपालिका या किसी लगी हुई नगरपालिका की अधिकारिता के भीतर स्थित हो ।

स्पष्टीकरण:--किसी भवन का कोई भाग जिसका उपयोग निवास के प्रयोजन के लिए किया जा रहा है, इस खंड के प्रयोजनों के लिए इस बात के होते हुए भी मकान उसका समझा जाएगा कि उसके किसी भाग का अनिवासीय प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है ।

(ग) किसी अधिकारी के संबन्ध में "स्थानीय नगरपालिका" से वह नगरपालिका अभिप्रेत है जिसकी अधिकारिता के भीतर उस अधिकारी का कार्यालय स्थिति है ।

(घ) किसी अधिकारी के संबंध में "कुटुम्ब का सदस्य" से, यथास्थिति पति या पत्नी या अधिकारी की उस पर आश्रित कोई संतान अभिप्रेत है;

(ङ) "नगरपालिका" के अंतर्गत नगर निगम, नगरपालिका समिति या बोर्ड, कोई शहर क्षेत्र समिति कोई अधिसूचित क्षेत्र समिति, और कोई छावनी बोर्ड है ।

(2) कोई भी अधिकारी, इन नियमों के अधीन सरकारी निवास स्थान के आबंटन के लिए पात्र नहीं होगा यदि वह या उसके कुटुम्ब का कोई अन्य सदस्य, उस स्टेशन पर जहां उसे तैनात किया गया है । मकान का स्वामी है ।

(3) जहां इन नियमों के अधीन किसी अधिकारी को सरकारी निवास स्थान के आबंटन के पश्चात् वह या उसके कुटुम्ब का कोई अन्य सदस्य मकान का निर्माण करता है, तथा अन्यथा किसी मकान का स्वामी बन जाता है, वहां ऐसा अधिकारी :—

(क) उस तारीख से, जिसको वह या ऐसा सदस्य मकान का स्वामी बन जाता है, चार सप्ताह की अवधि के भीतर आबंटन प्राधिकारी को तथ्य अधिसूचित करेगा, और

(ख) इन नियमों के अधीन उसे आबंटित सरकारी निवास स्थान को रखने के लिए अपात्र होगा और उक्त तारीख से चार सप्ताह के भीतर अपने अधिभोग में के सरकारी निवास-स्थान को अभ्यर्पित कर देगा ।

स्पष्टीकरण : खंड (क) और (ख) के प्रयोजनों के लिए, किसी नए निर्मित मकान की दशा में किसी व्यक्ति को उस तारीख से जिसको संबंधित स्थानीय निकाय पूर्ण होने का प्रमाणपत्र देता है या मकान के वास्तविक अधिभोग की तारीख से, जो भी पहले हो, किसी मकान का स्वामी बन गया समझा जाएगा ।

4. (1) पति या पत्नी को आबंटन और एक दूसरे से विवाहित *अधिकारियों के मामलों में पात्रता :—(1) किसी भी ऐसे अधिकारी* को, यथास्थिति जिसकी पत्नी या जिसके पति को पहले ही निवास-*स्थान आबंटित किया जा चुका है, इन नियमों के अधीन कोई निवास* स्थान तब तक आबंटित नहीं किया जाएगा जब तक ऐसा निवास स्थान अभ्यर्पित नहीं कर दिया जाता है ;

परन्तु यह उप नियम वहां लागू नहीं होगा जहां पति और पत्नी (क) अलग अलग स्टेशनों पर तैनात है या (ख) किसी न्यायालय द्वारा किए गए न्यायिक पृथक्करण के आदेश के अनुसरण में पृथक-पृथक निवास कर रहे हैं ।

(2) जहां दो अधिकारी, जो इन नियमों के अधीन अलग अलग आबंटित निवास स्थानों के अधिभोगी हैं, एक दूसरे से विवाह कर लेते हैं, वहां वे विवाह के एक मास के भीतर उन निवास स्थानों में से एक आवास को अभ्यर्पित कर देंगे ।

(3) यदि निवास स्थान का अभ्यर्पण उपनियम (2) की अपेक्षानुसार नहीं किया जाता है, तो निम्नतर टाइप के निवास स्थान का आबंटन या उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट अवधि के अवसान पर रद्द किया गया समझा जाएगा और यदि निवास स्थान एक ही टाइप के हैं, तो आबंटन प्राधिकारी के विनिश्चयानुसार उनमें से एक का आबंटन ऐसी अवधि के अवसान पर रद्द किया गया समझा जाएगा ।

(4) जहां पति और पत्नी दोनों ही, पात्र कार्यालयों में नियोजित हैं, वहां इन नियमों के अधीन उन दोनों में से प्रत्येक के निवास स्थान के आबंटन के हक पर स्वतंत्र रूप से विचार किया जाएगा ।

(5) उप नियम (1) से (4) में किसी बात के होते हुए भी :—

(क) यदि, यथास्थिति, पत्नी या पति को, जो इन नियमों के अधीन निवास-स्थान का आबंटिती है, ऐसे पूल से, जिसे ये नियम लागू होते एक ही स्टेशन पर निवास स्थान संबंधी कोई आवास सुविधा आबंटित कर दी जाती है तो यथास्थिति पत्नी या पति ऐसे आबंटन के एक मास के भीतर इन निवास स्थानों में से कोई एक अभ्यर्पित कर देगा :

परन्तु यह खण्ड वहां लागू नहीं होगा जहां पति और पत्नी, किसी न्यायालय द्वारा किए गए न्यायिक पृथक्करण के आदेश के अनुसरण में पृथक पृथक निवास कर रहे हैं,

(ख) जहां दो अधिकारी, जो एक ही स्टेशन पर ऐसे अलग-अलग *निवास स्थानों के अधिभोगी हैं, जिनमें से एक निवास स्थान* इन नियमों के अधीन आबंटित किया गया है, और दूसरा ऐसे पूल से, जिसे ये नियम लागू नहीं होते, एक दूसरे से विवाह कर लेते हैं, वहां उनमें से कोई भी एक अधिकारी ऐसे विवाह के एक मास के भीतर उन निवास स्थानों में से किसी एक को अभ्यर्पित कर देगा, और

(ग) यदि निवास स्थान का अभ्यर्पण खण्ड (क) या खण्ड (ख) को अपेक्षानुसार नहीं किया जाता है तो इन नियमों के अधीन निवास स्थान आबंटन को इसमें विनिर्दिष्ट अवधि के अवसान पर रद्द किया गया समझा जाएगा ।

5. निवास स्थानों का वर्गीकरण : इन नियमों द्वारा अन्यथा उपबंधित के सिवाय, नीचे दी गई सारणी के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट प्रवर्ग का कोई अधिकारी, उक्त सारणी के स्तंभ (1) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट टाइप के निवास स्थान के आबंटन का पात्र होगा ।

सारणी

निवास स्थान का टाइप	अधिकारी को जिस आबंटन वर्ष में आबंटन किया जाता है उसके प्रथम दिन उसका प्रवर्ग या उसकी मासिक उपलब्धियां
(1)	(2)
क (या एन-3)	259 रु. तक
ख (या एन-4)	260 रु. से 499 रु. तक
ग (या एन-5)	500 रु. से 999 रु. तक
घ (या एन-6)	1000 रु. से 1499 रु. तक
ङ (या एन-7)	1500 रु. और उससे ऊपर

6. आबंटन के लिए आवेदन :—(1) प्रत्येक सरकारी अधिकारी, जो सरकारी आवास सुविधा का अधिभोगी है अपना आवेदन ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति तथा ऐसी तारीख तक भेजेगा । जो आबंटन प्राधिकारी द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट की जाए ।

(2) ऐसे अधिकारी की दशा में, जो सरकारी आवास सुविधा के अधिभोगी नहीं हैं, आबंटन प्राधिकारी ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति तथा ऐसी तारीख से पूर्व, जो इसके द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, आवेदन आमंत्रित करेगा ।

(3) वह अधिकारी, जो प्रथम नियुक्ति या स्थानांतरण पर स्टेशन में किसी पात्र कार्यालय में पदभार ग्रहण करता है, अपना आवेदन अपने पद भार ग्रहण करने के एक मास के भीतर आबंटन प्राधिकारी को भेज सकेगा ।

(4) उप-नियम (3) के अधीन किसी कलैंडर मास को बीस तारीख को या उसके पूर्व प्राप्त किए गए आवेदनों पर ही उत्तरवर्ती मास में आबंटन के लिए विचार किया जाएगा ।

7. निवास स्थानों पर आबंटन और प्रस्थापनाएं :—(1) इन नियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाए, किसी निवास स्थान के खाली होने पर वह आबंटन प्राधिकारी द्वारा अधिमानतः उस आवेदन को आबंटित किया जाएगा जो नियम 13 के उपबंधों के अधीन उस टाइप की आवास सुविधा का परिवर्तन चाहता है और यदि उस प्रयोजन के लिए अपेक्षित न हो तो, उस आवेदक को आबंटित किया जाएगा जिसके पास उस टाइप की आवास सुविधा नहीं है और जिसकी उस टाइप के निवास स्थान के लिए पूर्विकता तारीख सबसे पहले हो, यह आबंटन निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए होगा, अर्थात् :—

(क) आबंटन प्राधिकारी, उस टाइप से उच्चतर टाइप का निवास स्थान आबंटित नहीं करेगा जिसका आवेदक नियम 5 के अधीन पात्र है ।

(ख) आबंटन प्राधिकारी, किसी आवेदक को इस बात के लिए विवश नहीं करेगा कि वह जिस टाइप के निवास स्थान का नियम 5 के अधीन पात्र है उससे निम्नतर टाइप का निवास स्थान स्वीकार करे ।

(ग) आबंटन प्राधिकारी, किसी निम्नतर प्रवर्ग के निवास स्थान के आबंटन के लिए किसी आवेदक के अनुरोध पर उसे ऐसे टाइप से ठीक नीचे का निवास स्थान आबंटित कर सकेगा, जिसके लिए आवेदक नियम 5 के अधीन, उसके लिए अपनी पूर्विकता तारीख के आधार पर पात्र है ।

(2) यदि किसी अधिकारी के अधिभोग के निवास स्थान को खाली कराना अपेक्षित हो तो आबंटन प्राधिकारी, उस अधिकारी का वर्तमान आबंटन रद्द कर सकेगा और उसे उसी टाइप का अनुकल्पी निवास स्थान या आपातिक परिस्थितियों में, उस अधिकारी के अधिभोग के निवास स्थान के टाइप से ठीक नीचे टाइप का अनुकल्पी निवास स्थान आबंटित कर सकेगा ।

(3) खाली निवास स्थान को उप-नियम (1) के अधीन किसी अधिकारी को आबंटित किए जाने के अतिरिक्त अन्य पात्र अधिकारियों को उनकी पूर्विकता तारीखों के क्रम में प्रस्थापित किया जा सकेगा ।

8. आबंटन या प्रस्थापना को स्वीकार न किया जाना या आबंटित निवास स्थान को स्वीकार करने के पश्चात् अधिभोग में न लिया जाना :— (1) यदि कोई अधिकारी किसी निवास स्थान का आबंटन आबंटन-पत्र को प्राप्ति की तारीख से पांच दिन के भीतर स्वीकार नहीं करता है या स्वीकार करने के पश्चात् आठ दिन के भीतर उस निवास स्थान का कब्जा नहीं लेता है, तो वह उस आबंटन पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक दूसरे आबंटन का पात्र नहीं होगा ।

(2) यदि किसी अधिकारी को जिसके अधिभोग में किसी निम्नतर टाइप का निवास स्थान है, ऐसे टाइप का निवास स्थान आबंटित या प्रतिस्थापित किया जाता है जिसके लिए वह नियम–5 के अधीन पात्र है या जिसके लिए उसने नियम-7 के उपनियम (i) के खण्ड (ग) के अधीन किया है, तो उसे उक्त आबंटन या आबंटन की प्रस्थापना से इंकार कर देने पर, पहले से आबंटित निवास स्थान में रहने के लिए निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए अनुज्ञात किया जा सकेगा, अर्थात् :

(क) ऐसा अधिकारी आवास सुविधा के उच्चतर वर्ग के लिए आबंटन पत्र की तारीख से छह मास की अवधि तक दूसरे आबंटन के लिए पात्र नहीं होगा,

(ख) वर्तमान निवास स्थान रखे रहने के दौरान, उससे वही अनुज्ञप्ति फीस प्रभारित की जाएगी जो उसे मूल नियम 45 क के अधीन इस प्रकार आबंटित या प्रस्तावित निवास स्थान की बाबत संदत्त करनी पड़ती या वह अनुज्ञप्ति फीस संदत्त करनी पड़ती जो उस निवास स्थान की बाबत संदेय है जो पहले ही उसके अधिभोग में है, दोनों में जो भी अधिक हो ।

9. आबंटन बने रहने की अवधि और आगे बनाए रखने की रियायती अवधि:—(1) आबंटन उस तारीख से प्रभावी होगा जिसको वह अधिकारी द्वारा स्वीकार किया जाता है और तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि,

(क) अधिकारी के उस स्टेशन में जहां आबंटन किया गया है, किसी पात्र कार्यालय में कर्तव्यारूढ़ न रह जाने के पश्चात् वह रियायती अवधि समाप्त नहीं हो जाती जो उप नियम (2) के अधीन अनुज्ञेय है,

(ख) उसे आबंटन प्राधिकारी द्वारा रद्द नहीं कर दिया जाता या इन नियमों के किसी उपबंध के अधीन रद्द किया गया नहीं समझा जाता,

(ग) उस अधिकारी द्वारा अभ्यर्पित नहीं कर दिया जाता, या

(घ) अधिकारी निवास स्थान या अधिभोग समाप्त नहीं कर देता ।

(2) किसी अधिकारी को आबंटित निवास स्थान, उप नियम (3) के अधीन रहते हुए, नीचे दी गई सारणी के स्तंभ (1) में विनिर्दिष्ट किसी घटना के होने पर उस अवधि तक रखा जा सकेगा जो उस सारणी के स्तंभ (2) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट है, परन्तु यह तब जब कि वह निवास स्थान उस अधिकारी या उसके कुटुम्ब के सदस्यों के वास्तविक उपयोग के लिए अपेक्षित हो ।

सारणी

	घटनाएं	निवास स्थान रखने की अनुज्ञेय अवधि
	(1)	(2)
(I)	पदत्याग, पदच्युति, सेवा से हटाया जाना या सेवा की समाप्ति या बिना अनुज्ञा के अप्राधिकृत अनुपस्थिति	एक मास
(II)	सेवानिवृत्ति या सेवांत छुट्टी	चार मास
(III)	आबंटिती की मृत्यु	छः मास
(IV)	स्टेशन से बाहर किसी स्थान के लिए स्थानांतरण या स्टेशन में किसी अपात्र कार्यालय में स्थानांतरण	दो मास
(V)	भारत में अन्यत्र पर सेवा पर जाने पर	दो मास
(VI)	भारत में अस्थायी स्थानांतरण या भारत से बाहर किसी स्थान के लिए स्थानांतरण	चार मास
(VII)	छुट्टी (जो सेवानिवृत्ति पूर्व छुट्टी, अस्वीकृत छुट्टी, सेवांत छुट्टी, चिकित्सीय छुट्टी, प्रसूति छुट्टी या अध्ययनार्थ छुट्टी से भिन्न हो)।	छुट्टी की अवधि तक, किन्तु चार मास से अधिक नहीं
(VIII)	प्रसूति छुट्टी	अधिकतम 5 मास के अधीन रहते हुए, क्रम में मंजूर की गई छुट्टी तथा प्रसूति छुट्टी की अवधि तक।
(IX)	सेवानिवृत्ति पूर्व छुट्टी या केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम 1972 के नियम 39 के अधीन मंजूर की गई अस्वीकृत छुट्टी या किसी सरकारी सेवक को मंजूर की गई छुट्टी जो मूल नियम 56(ज) के अधीन सेवानिवृत्त होता है।	सेवानिवृत्ति पूर्व छुट्टी की दशा में अधिकतम 180 दिन और अन्य दशाओं में चार मास, अंतर्गत सेवानिवृत्ति की दिशा में अनुज्ञेय अवधि भी है, के अधीन रहते हुए पूरे औसत वेतन पर छुट्टी की पूर्ण अवधि तक।
(X)	भारत में या भारत से बाहर अध्ययनार्थ छुट्टी।	(क) यदि अधिकारी अपनी पात्रता से नीचे की आवास सुविधा का अधिभोगी है तो अध्ययनार्थ छुट्टी की संपूर्ण अवधि तक। (ख) यदि अधिकारी अपनी पात्रता वाले टाइप की आवास सुविधा का अधिभोगी है तो अध्ययनार्थ छुट्टी की अवधि तक किन्तु छः मास से अधिक नहीं, परन्तु जहां अध्ययनार्थ छुट्टी छः मास से अधिक बढ़ जाती है वहां उसे छः मास की समाप्ति पर, या अध्ययनार्थ छुट्टी के प्रारंभ होने की तारीख से, यदि वह ऐसा चाहे, उसकी पात्रता से एक टाइप नीचे की अनुकल्पी आवास सुविधा आवंटित की जा सकेगी।
(XI)	भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति	प्रतिनियुक्ति की अवधि तक किन्तु छह मास से अधिक नहीं।
(XII)	चिकित्सीय आधार पर छुट्टी	छुट्टी की पूर्ण अवधि
(XIII)	प्रशिक्षण के लिए जाने पर	प्रशिक्षण की पूर्ण अवधि तक।

स्पष्टीकरण 1 : जहां भारत में स्थानांतरण होने या अन्यत्र सेवा में जाने पर किसी अधिकारी की छुट्टी मंजूर की जाती है और वह नए कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व उस छुट्टी का उपभोग करता है वहां उसे मद (1), (V), (VI) के सामने वर्णित अवधि के लिए, या छुट्टी की अवधि के लिए जो भी अधिक हो, निवास स्थान रखे रहने की अनुज्ञा दी जा सकेगी।

स्पष्टीकरण 2 : जहां भारत में स्थानांतरण या अन्यत्र सेवा संबंधी कोई आदेश किसी अधिकारी को तब जारी किया जाता है जब वह पहले से ही छुट्टी पर है, वहां स्पष्टीकरण 1 के अधीन, अनुज्ञेय अवधि ऐसा आदेश जारी करने की तारीख से गिनी जाएगी।

(3) जहां कोई निवास स्थान उप-नियम (2) के अधीन रखे रहा जाए वहां अनुज्ञेय रियायती अवधियों की समाप्ति पर वह आवंटन रद्द किया गया समझा जाएगा, जब तक उस की समाप्ति पर अधिकारी स्टेशन में जहां आवंटन किया गया है, पात्र कार्यालय में कार्यभार तुरन्त ग्रहण नहीं कर लेता।

(4) जहां कोई अधिकारी, बिना वेतन और भत्तों के चिकित्सीय छुट्टी पर है, वहां वह उस नियम (2) के नीचे दी गई सारणी के मद (XII) के अधीन दी गई रियायत के आधार पर अपने निवास स्थान को रख सकता है, परन्तु यह तब जब कि वह ऐसे निवास स्थान के लिए अनुज्ञप्ति फीस प्रतिमास नकद भेजता रहता है, और जहां वह ऐसी अनु- [illegible] मास से अधिक तक नहीं भेजता है वहां आवंटन रद्द हो जाएगा।

(5) उप नियम (2) या उप नियम (3) या उप नियम (4) में किसी बात के होते हुए भी, जब किसी अधिकारी को पदच्युत या सेवा से हटाया जाता है, या जब उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं, और उस कार्यालय को, जिससे ऐसा अधिकारी ऐसी पदच्युति सेवा से हटाए जाने या जब सेवा की समाप्ति से ठीक पूर्वनियोजित था विभागाध्यक्ष का यह समाधान हो जाता है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह ऐसे अधिकारी को किए गए निवास स्थानों का आवंटन या तो तुरंत या उप नियम (2) के नीचे दी गई सारणी की मद (i) में निर्दिष्ट एक मास की अवधि की समाप्ति से पूर्व ऐसी तारीख से, जो वह निर्दिष्ट करे, आवंटन प्राधिकारी से रद्द करने की अपेक्षा कर सकेगा और आवंटन प्राधिकारी तदनुसार कार्य करेगा।

10. अनुज्ञप्ति फीस से संबंधित उपबंध—(1) जहां आवास सुविधा या अनुकल्पी आवास सुविधा का आवंटन स्वीकार कर लिया गया है वहां अनुज्ञप्ति फीस का दायित्व अधिभोग की तारीख से या आवंटन की प्राप्ति की तारीख के आठवें दिन से जो भी पहले हो प्रारम्भ होगा।

(2) किसी ऐसे अधिकारी से, जो स्वीकार करने के पश्चात् आवंटन पत्र की प्राप्ति की तारीख से साठ दिन के भीतर उस आवास सुविधा का कब्जा नहीं लेता है, ऐसी तारीख से 12 दिन की अवधि तक अनुज्ञप्ति फीस प्रभारित की जाएगी। परन्तु इसमें की कोई बात वहां लागू नहीं होगी जहां सैनिक इंजीनियर सेवा यह प्रमाणित करे कि आवास सुविधा अधिभोग के लिए उपयुक्त नहीं है और उसके परिणामस्वरूप अधिकारी पूर्वोक्त अवधि के भीतर आवास सुविधा को अधिभोग में नहीं ले रहा है।

(3) जहां किसी ऐसे अधिकारी को, जो किसी निवास स्थान का अधिभोगी है, दूसरा निवास स्थान आवंटित किया जाता है और वह नए निवास-स्थान को अधिभोग में लेता है तो पहले निवास स्थान का आवंटन ले नए निवास स्थान के अधिभोग की तारीख से रद्द किया गया समझा जाएगा तथापि, वह निवास स्थान के परिवर्तन के लिए पहले वाले निवास स्थान को उस दिन और उसके बाद के एक दिन तक, बिना अनुज्ञप्ति फीस दिए रख सकेगा,

परन्तु यदि पहले वाले निवास स्थान को यथापूर्वोक्त बाद वाली तारीख से खाली नहीं किया जाता है तो अधिकारी निवास स्थान के उपयोग और अधिभोग के लिए नुकसानी का और सेवा, फर्नीचर और उद्यान के प्रभार का बाजार अनुज्ञप्ति फीस के बराबर, जो सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित की जाए, बाद वाले निवास स्थान को कब्जा लेने की तारीख से संदाय करने के दायित्वाधीन होगा।

11. निवास स्थान के खाली किए जाने तक अधिकारी का अनुज्ञप्ति फीस देने का वैयक्तिक दायित्व और अस्थायी अधिकारियों द्वारा प्रतिभू का दिया जाना :—(1) ऐसा अधिकारी, जिसे कोई निवास स्थान आवंटित किया गया है, उसकी अनुज्ञप्ति फीस और उचित टूट फूट के अतिरिक्त उसको या सरकार द्वारा उसमें उपलब्ध कराए गए फर्नीचर, फिक्सचर या फिटिंग या सेवाओं को, उस अवधि के दौरान जिसके लिए निवास स्थान उसे आवंटित कर दिया गया है, या जहां आवंटन इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द कर दिया गया है वहां निवास स्थान तथा उससे संलग्न उपगृह खाली करके उनका पूर्णतः खाली रूप में कब्जा सरकार को वापस नहीं कर दिया जाता है, हुए किसी नुकसान के लिए वैयक्तिक रूप से दायी होगा।

(2) जहां ऐसा अधिकारी, जिसे कोई निवास स्थान आवंटित किया गया है, न तो स्थायी और न स्थायीकल्प सरकारी सेवक है, वहां वह सरकार द्वारा इस निमित्त विहित प्ररूप में एक प्रतिभूति बंधपत्र एक ऐसा प्रतिभू जो केन्द्रीय सरकार के अधीन सेवारत स्थायी सरकारी सेवक होगा, सहित ऐसे निवास स्थान और सेवाओं तथा उसके बदले में दिए गए किसी अन्य निवास स्थान की बाबत अनुज्ञप्ति फीस और उससे शोध्य अन्य प्रभारों के सम्यक् संदाय के लिए निष्पादित करेगा।

(3) यदि प्रतिभू सरकारी सेवा में नहीं रह जाता है या दिवालिया हो जाता है या अपनी गारंटी वापस ले लेता है, या किसी अन्य कारण से उपलब्ध नहीं रह जाता है, तो अधिकारी किसी अन्य प्रतिभू द्वारा निष्पादित एक नया बंधपत्र उसे ऐसी घटना या तथ्य की जानकारी प्राप्त होने की तारीख से तीस दिन के भीतर देगा और यदि वह ऐसा नहीं करता है तो, जब तक कि आवंटन प्राधिकारी अन्यथा विनिश्चय न करे, उसे उस निवास स्थान का आवंटन उस घटना की तारीख से रद्द किया गया समझा जाएगा।

12. आवंटन का अभ्यर्पण और सूचना की अवधि :—(1) अधिकारी किसी भी समय आवंटन का अभ्यर्पण उस आशय की ऐसी सूचना देकर कर सकेगा, जो निवास स्थान को खाली करने की तारीख से कम से कम दस दिन पूर्व आवंटन प्राधिकारी के पास पहुंच जाए। निवास स्थान का आवंटन, उस दिन के, जिसकी आवंटन प्राधिकारी द्वारा सूचना प्राप्त की जाती है, या सूचना में विनिर्दिष्ट तारीख के, जो भी पश्चात्वर्ती हो पश्चात् ग्यारहवें दिन से रद्द समझा जाएगा। यदि अधिकारी सम्यक् सूचना नहीं देता है तो वह दस दिन की या उसके द्वारा दस दिन की सूचना देने में जितने दिन की कमी हो उतने दिन की अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए उत्तरदायी होगा, परन्तु आवंटन प्राधिकारी कम अवधि की सूचना स्वीकार कर सकेगा।

(2) उप नियम (1) के अधीन निवास स्थान अभ्यर्पित करने वाले अधिकारी के संबंध में उसी स्टेशन पर सरकारी आवास सुविधा का आवंटन करने के लिए ऐसे अभ्यर्पण की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक पुनः विचार नहीं किया जाएगा।

13. निवास स्थान का परिवर्तन :—(1) ऐसा अधिकारी, जिसे इन नियमों के अधीन कोई निवास स्थान आवंटित किया गया है, उसके बदले में उसी टाइप के दूसरे निवास स्थान या उस टाइप के, जिसका वह नियम 5 के अधीन पात्र है, निवास स्थान जो भी निम्नतर हो, के लिए आवेदन कर सकेगा। अधिकारी को आवंटित एक टाइप के निवास स्थान की बाबत केवल एक बार से अधिक परिवर्तन की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी

(2) आवंटन प्राधिकारी द्वारा विहित प्ररूप में परिवर्तन के लिए किए गए आवेदन, तिमाही रूप में, 15 मार्च, 15 जून, 15 सितम्बर और 15 दिसम्बर तक प्राप्त किए जाएंगे और उत्तरवर्ती मास में प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित किए जाएंगे। इस नियम के प्रयोजनों के लिए, ऐसे अधिकारी, जिनके नाम पूर्ववर तिमाही में प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित किए गए हैं, उससे सामूहिक रूप से ज्येष्ठ होंगे जिनके नाम पश्चात्वर्ती तिमाही की सूची में सम्मिलित किए गए हैं। किसी विशिष्ट मास में, सूची में सम्मिलित अधिकारियों की पारस्परिक ज्येष्ठता, उनकी पूर्विकता तारीखों के क्रम में अवधारित की जाएंगी।

(3) परिवर्तन की प्रस्थापना, उपनियम (2) के अनुसार अवधारित ज्येष्ठता के क्रम में और अधिकारी की अधिमानता का यथा संभव ध्यान में रखते हुए की जाएगी,

परन्तु अधिवर्षिता की तारीख से ठीक छह मास पहले की अवधि के दौरान निवास स्थान में परिवर्तन करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(4) यदि कोई अधिकारी, उसे प्रस्थापित निवास स्थान का परिवर्तन ऐसी प्रस्थापना या आवंटन की प्राप्ति की तारीख से पांच दिन के भीतर स्वीकार नहीं करता है तो उसके नाम पर, उस टाइप के आवंटन के परिवर्तन के लिए पुनः विचार नहीं किया जाएगा।,

(5) ऐसे अधिकारी से, जो निवास स्थान का परिवर्तन स्वीकार करने के पश्चात् उसका कब्जा नहीं लेता है, ऐसे निवास स्थान के लिए नियम 10 के उप-नियम (2) के उपबन्धों के अनुसार अनुज्ञप्ति फीस प्रभारित की जाएगी जो, उस निवास स्थान के लिए, जो पहले ही उसके कब्जे में है, जिसका आवंटन बना रहेगा, मूल नियम 45-क के अधीन प्रसामान्य अनुज्ञप्ति फीस के अतिरिक्त होगी।

14. कुटुम्ब के किसी सदस्य की मृत्यु की दशा में निवास स्थान का परिवर्तन :—नियम 13 में किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी अधिकारी के कुटुम्ब के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है और वह निवास स्थान के परिवर्तन के लिए आवेदन ऐसी घटना के तीन मास के भीतर करता है तो उसे निवास स्थान के परिवर्तन की अनुज्ञा दी जा सके। यह परिवर्तन उसी टाइप के निवास स्थान में और उसी मंजिल पर होगा जैसा निवास स्थान उस अधिकारी को पहले से आवंटित है।

15. निवास स्थान की पारस्परिक अदला बदली :—ऐसे अधिकारी जिन्हें इन नियमों के अधीन एक ही टाइप के निवास स्थान आवंटित किए गए हैं, अपने निवास स्थानों की पारस्परिक अदला बदली करने की अनुज्ञा के लिए आवेदन कर सकेंगे। यदि युक्तियुक्त तौर पर यह प्रत्यक्षा

हो कि दोनों अधिकारी ऐसी अदला बदली अनुमोदन की तारीख से कम से कम छह मास तक स्टेशन में कर्तव्यारूढ़ रहेंगे और पारस्परिक रूप में अदला बदली में प्राप्त अपने निवास स्थानों में रहेंगे तो पारस्परिक अदला बदली की अनुज्ञा दी जा सकेगी।

16. ऐसे स्टेशन के लिए स्थानांतरण जहां कुटुम्ब नहीं रखा जा सकता :—यदि किसी अधिकारी का स्थानांतरण किसी ऐसे स्टेशन को किया जाता है जहां उसे अपना कुटुम्ब अपने साथ ले जाने के लिए सरकार द्वारा अनुज्ञा या सलाह नहीं दी जाती और इन नियमों के अधीन उसे आवंटित निवास स्थान उसकी संतान की वास्तविक शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं के लिए कुटुम्ब द्वारा अपेक्षित है, तो उसे, अनुरोध करने पर, स्टेशन में अपनी संतान के चालू शक्षणिक सत्र के अन्त तक मूल नियम 45-क के अधीन अनुज्ञप्ति फीस के संदाय पर, निवास स्थान रखने के लिए अनुज्ञा दी जा सकेगी।

17. निवास स्थान का अनुरक्षण :—ऐसा अधिकारी जिसे निवास स्थान आवंटित किया गया है, निवास स्थान और परिसर को, सैनिक इंजीनियर सेवा और स्थानीय नगर पालिका समिति या निगम के समाधानप्रद रूप में, स्वच्छ दशा में रखेगा। ऐसा अधिकारी, उस निवास स्थान से संलग्न किसी उद्यान, आंगन या अहाते में सरकार या सैनिक इंजीनियर सेवा द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के विरुद्ध न तो कोई वृक्ष, झाड़ी या पौधे उगाएगा और न ही किसी विद्यमान वृक्ष या झाड़ी को पूर्वोक्त प्राधिकारियों की लिखित पूर्व अनुज्ञा के बिना काटेगा या छांटेगा। इस नियम के उल्लंघन में उगाए गए वृक्ष, पौधे या वनस्पति संबंधित अधिकारी की जोखिम और उसके खर्चे पर आवंटन प्राधिकारी द्वारा, हटवाए जा सकेंगे। सरकारी आवास सुविधा के परिसर में पशु, कुत्ते और कुक्कुट रखने के लिए अधिकारी को आवंटन प्राधिकारी और स्थानीय नागरिक निकाय की पूर्व मंजूरी ले लेनी चाहिए।

18. निवास स्थान को शिकमी देना और उसका सहभोग :—(1) कोई भी अधिकारी, उसको आवंटित निवास स्थान या उससे संलग्न उपगृहों, गैरेजों का सहभोग इन नियमों के अधीन निवास स्थान के आवंटन के पात्र केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के साथ ही करेगा। सेवकों के क्वाटरों उपगृहों, गैरेजों का जिसके अन्तर्गत आवंटिती के सेवकों का निवास स्थान भी है, उपयोग केवल सदभावी प्रयोजनों के लिए या ऐसे अन्य प्रयोजन के लिए, जो आवंटन प्राधिकारी अनुज्ञात करे किया जाएगा।

(2) कोई भी अधिकारी अपने सम्पूर्ण निवास स्थान को शिकमी नहीं देगा परन्तु छुट्टी पर जाने वाला अधिकारी, अपने निवास स्थान में किसी अन्य अधिकारी को, जो सरकारी आवास सुविधा का सहभोग करने के लिए पात्र है, देखभाल करने वाले के रूप में नियम 9 के उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट अवधि तक, किन्तु छह मास से अधिक नहीं रख सकेगा।

